दिन– गुरुवार दिनांक– 15 / 05 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. खेलो इंडिया यूथ गेम्स का आज पटना के पाटलिपुत्र खेल परिसर में होगा भव्य समापन। सात स्वर्ण पदकों के साथ बिहार का सराहनीय प्रदर्शन।

02. बेगूसराय से दिल्ली जा रही एक निजी बस में लखनऊ के पास आगलगी की घटना। दो बच्चों समेत पांच यात्रियों की झुलसने से मौत।

03. पीएम जनमन योजना के तहत प्रदेश के जनजातीय परिवारों को पक्का मकान बनाने के लिए दो–दो लाख रूपये की राशि दी जायेगी।

04. और, पूरे प्रदेश में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी। तैतालीस दशमलव दो डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ रोहतास जिले का डेहरी रहा सबसे गर्म स्थान।

——————————————————————

खेलो इंडिया यूथ गेम्स का आज अंतिम दिन है। पटना के कंकड़बाग स्थित पाटलिपुत्र खेल परिसर में शाम साढ़े छह बजे भव्य समारोह के साथ इन खेलों का समापन होगा।

———म्यूजिक———

प्रतियोगिता में महाराष्ट्र छप्पन स्वर्ण सहित एक सौ उनचास पदक जीत कर शीर्ष स्थान पर है। वहीं, हरियाणा पैंतीस स्वर्ण समेत कुल एक सौ सात पदकों के साथ दूसरे स्थान पर और राजस्थान बाईस स्वर्ण के साथ पचपन मेडल जीत कर पदक तालिका में तीसरे स्थान पर है। एक रिपोर्ट–

———रिपोर्ट———

खेलो इंडिया यूथ गेम्स में शुरुआत के दिन अगर महाराष्ट्र, राजस्थान और गुजरात के खिलाड़ियों के नाम रहे तो अंतिम चरण हरियाणा के नाम रहा। कल हरियाणा के खिलाड़ियों ने भारोत्तोलन, मुक्केबाजी और एथलेटिक्स में एक के बाद एक पदकों की झड़ी लगा दी और उम्दा खेल से राजस्थान को पीछे छोड़ते हुए दूसरे स्थान पर कब्जा जमाया।

मणिपुर, झारखंड और बिहार के खिलाड़ियों का प्रदर्शन प्रशंसनीय रहा। मणिपुर ने मार्शल आर्ट थांग–टा सात पदक जीते। झारखंड ने बालक फुटबॉल में फाइनल में ओडिशा को हराकर स्वर्ण पदक जीता। बिहार की खुशी यादव ने 2000 मीटर के स्टीपल चेज में स्वर्ण पदक दिलाया वहीं दो स्वर्ण थांग–ता में जीतकर पदक तालिका में बढ़ोतरी की। रंगारंग समापन समारोह में केंद्रीय खेल राज्य मंत्री रक्षा निखिल खडसे, बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी सहित कई गणमान्य लोग भाग लेंगे। धर्मेंद्र कुमार राय आकाशवाणी समाचार पटना

——————————————————————

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा है कि बूथ स्तर के अधिकारियों–बीएलओ को जल्दी ही मानक पहचान पत्र जारी किए जाएंगे, ताकि वे सुचारू रूप से घर–घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन कर सकें। श्री कुमार ने नई दिल्ली में बिहार, हरियाणा और दिल्ली के बूथ स्तर के अधिकारियों, निरीक्षकों और

मतदाता पंजीकरण अधिकारियों के लिए दो दिन के क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आरंभ करने के बाद यह बात कही। उन्होंने कहा कि प्रतिभागी अपने–अपने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में बूथ स्तर के अन्य अधिकारियों को भी प्रशिक्षित करेंगे। इस प्रशिक्षण में बिहार के तीन सौ से अधिक बीएलओ भाग ले रहे हैं।

————————————————————

उप मुख्यमंत्री सह खान और भूतत्व मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि बरसात के मौसम में नदियों से बालू के उत्खनन पर प्रतिबंध के बावजूद विभिन्न विभागों में विकास संबंधी निर्माण कार्य बाधित नहीं होंगे। पटना में संवाददाता सम्मेलन में श्री सिन्हा ने कहा कि राज्य सरकार का कोई भी विभाग संबंधित जिले के जिलाधिकारी और जिला खनन पदाधिकारी से बरसात के दिनों में अपनी परियोजनाओं के लिए बालू के खनन और भंडारण का लाइसेंस जारी करवा सकता है। इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है। गौरतलब है कि राष्ट्रीय हरित अधिकरण, एनजीटी के नियमों के अनुसार पन्द्रह जून से राज्य की सभी नदियों में बालू उत्खनन बंद कर दिया जाता है।

————————————————————

बेगूसराय से दिल्ली जा रही एक निजी बस में लखनऊ के पीजीआई इलाके में आग लग गई। इस घटना में दो बच्चों समेत पांच यात्रियों की झुलसने से मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार सभी मृतक यात्री बिहार के हैं। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने अधिकारियों को घटनास्थल पर पहुंचकर राहत कार्य में तेजी लाने और घायलों का उचित इलाज कराने के निर्देश दिये हैं।

————————————————————

राज्य में शीघ्र ही पीएम जनमन योजना के तहत जनजातीय परिवारों को लाभ दिया जायेगा। ग्रामीण विकास विभाग के अनुसार योजना के तहत इसी वर्ष प्रदेश के डेढ़ हजार जनजातीय परिवारों को पक्का मकान बनाने के लिए दो–दो लाख रूपये की राशि दी जायेगी। गौरतलब है कि प्रदेश में कटिहार, पश्चिम चम्पारण, पूर्णियां, सुपौल, किशनगंज, जमुई और बांका जिले जनजातीय बहुल जिले हैं। इन क्षेत्रों में लाभुकों परिवारों को चिन्हित किया जा रहा है।

————————————————————

कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी आज एक दिवसीय दौरे पर बिहार आ रहे हैं। इस दौरान श्री गांधी दरभंगा में आयोजित शिक्षा न्याय संवाद कार्यक्रम में दलित और अल्पसंख्यक छात्र–छात्राओं से संवाद करेंगे।

पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया कोऑर्डिनेटर अभय दुबे ने बताया कि श्री गांधी का पटना में भी कार्यकर्ताओं और अन्य लोगों से मुलाकात का कार्यक्रम है।

———————————————————————

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय युवाओं को माई भारत नागरिक सुरक्षा स्वयं सेवक के रूप में नामांकित करने के लिए सक्रिय रूप से प्रेरित कर रहा है। मंत्रालय के अनुसार यह राष्ट्रव्यापी आह्वान युवाओं को राष्ट्रीय आपातकालीन स्थितियों और संकट के समय महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए सशक्त बनाने के उद्देश्य से किया जा रहा है। इस पहल का लक्ष्य एक प्रशिक्षित और सतर्क स्वयं सेवक बल तैयार करना है, जो प्राकृतिक आपदाओं, दुर्घटनाओं, सार्वजनिक आपात स्थितियों और अन्य अप्रत्याशित परिस्थितियों में नागरिक प्रशासन की सहायता कर सके। स्वयं सेवक के रूप में इसमें शामिल होने के लिए माई भारत के आधिकारिक पोर्टल पर पंजीकरण किया जा सकता है।

———————————————————————

ग्रामीण कार्य विभाग ने लापरवाही और वित्तीय अनियमितताओं के गंभीर आरोपों में सारण जिले के मढ़ौरा कार्य प्रमंडल के दो तत्कालीन अभियंताओं केशव साहनी और परमेश्वर मेहरा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। विभाग के अनुसार जांच में आरोपी अभियंताओं पर मनमाने ढंग से भुगतान, बिना स्वीकृति पथ निर्माण और योजनाओं के नियमों के उल्लंघन के आरोप प्रमाणित पाए गए हैं। इधर, राजस्व और भूमि सुधार विभाग ने पश्चिम चम्पारण जिले के बगहा –दो के अंचल अधिकारी और भागलपुर जिले के जगदीशपुर अंचल के राजस्व अधिकारी के निलंबन का आदेश जारी किया है। इन दोनों अधिकारियों पर विभाग की समीक्षा बैठक में मंत्री को गलत जानकारी देने का आरोप है। वहीं, वैशाली के जिलाधिकारी ने हाजीपुर अंचल के राजस्व कर्मचारी सुबोध कुमार वर्मा के खिलाफ घूस लेने के आरोप की जांच के आदेश दिये हैं। इस संबंध में पुलिस ने एक साईबर कैफे पर छापेमारी कर मोबाईल और लैपटॉप जब्त किया है।

———————————————————————

पूरे प्रदेश में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है। अधिकांश स्थानों का अधिकतम तापमान सामान्य स्तर से ऊपर पहुंच गया है। मौसम विभाग के अनुसार अगले तीन दिन के दौरान तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होगा। हालांकि इसके तीन दिन बाद तापमान में दो से तीन डिग्री सेत्सियस की गिरावट की सम्भवाना है। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान रोहतास जिले का डेहरी राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा, जहां का अधिकतम तापमान तैतालीस दशमलव दो डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

मौसम विज्ञान केन्द्र पटना ने अपने पूर्वानुमान में सुपौल, अररिया, किशनगंज, मधेपुरा, सहरसा और पूर्णियां समेत उत्तर–पूर्व भाग के जिलों में हल्की बारिश और वज्रपात के साथ तीस से चालीस किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने की चेतावनी जारी की है। वहीं, उत्तर–पश्चिम और दक्षिण भाग के जिलों में गर्म और आर्द्र दिवस रहने की सम्भावना है। इस बीच, गर्मी को देखते हुये चिकित्सकों ने लोगों से धूप में बाहर नहीं निकलने, समय–समय पर पानी और ओआरएस का घोल पीने तथा आवश्यकता पड़ने पर शरीर को पूरी तरह से ढक कर बाहर निकलने की अपील की है।

————————————————————————

आतंकवाद के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उत्साह के बीच समग्र राष्ट्र, भारतीय जवानों के शौर्य और साहस को नमन कर रहा है। सशस्त्र बलों के प्रति सम्मान के रूप में आकाशवाणी समाचार ने एक विशेष श्रृंखला शुरु की है। आज हम परमवीर चक्र विजेता कैप्टन विक्रम बत्रा का स्मरण कर रहे हैं, जिन्होंने करगिल युद्ध के दौरान देश के लिए सर्वोच्च बलिदान किया था।

———बाईट———

————————————————————————

भारत की एक तकनीकी टीम आज न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की एक हजार दो सौ सड़सठ प्रतिबंध समिति की निगरानी टीम और अन्य भागीदार देशों के साथ बातचीत कर रही है। भारत एक हजार दो सौ सड़सठ प्रतिबंध समिति में अपना मामला पेश करने की तैयारी कर रहा है जिसका उद्देश्य आधिकारिक तौर पर द रेजिस्टेंस फ्रंट को आतंकवादी संगठन के रूप में सूचीबद्ध कराना और इस संगठन को पाकिस्तान द्वारा मिल रहे समर्थन को दर्शाना है। यह कदम बाईस अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर उठाया गया है, जिसमें छब्बीस भारतीय नागरिकों की हत्या की गई थी।

————————————————————————

प्रदेश के बीएड कॉलेजों में नामांकन के लिए प्रवेश परीक्षा 28 मई को आयोजित की जायेगी। परीक्षा के लिए नोडल संस्था ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार यह परीक्षा प्रदेश के ग्यारह शहरों के दो सौ इक्तालीस केन्द्रों में आयोजित होगी। इस वर्ष बीएड और शिक्षा शास्त्री में नामांकन के लिए एक लाख तीस हजार से अधिक अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है।

————————————————————————

पूर्व रेलवे ने मालदा डिवीजन के अन्तर्गत भागलपुर–जमालपुर सेक्शन में सब–वे निर्माण को लेकर सत्रह मई को सात घंटे का मेगा ब्लॉक लिया है। इस दौरान कुछ

रेलगाड़ियां रद्द रहेंगी जबकि कई रेलगाड़ियों के परिचालन समय में बदलाव किया गया है। भागलपुर–जमालपुर पैसेंजर और जमालपुर–किउल मेमू पैसेंजर रद्द की गई हैं। वहीं, पश्चिम बंगाल के संतरागाछी में चल रहे यार्ड रिमॉडलिंग कार्य के मद्देनजर सत्रह मई को पटना–शालीमार दुरंतो एक्सप्रेस पटना से अपने निर्धारित समय से तीन घंटे देरी से प्रस्थान करेगी।

———————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की बड़ी खबर है– पानी के लिए पाक की गुहार। पाकिस्तान ने जल संसाधन मंत्रालय को लिखी चिट्ठी, कहा– भारत सिंधु जल संधि पर विचार करें।

दैनिक जागरण ने इसी खबर पर लिखा है– पस्त पाकिस्तान ने सिंधु जल संधि पर भारत से पुनर्विचार की लगायी गुहार।

दैनिक भास्कर लिखता है– माईक्रो फूड इंडस्ट्री लगाने में बिहार को देश में मिला पहला स्थान। एक साल में दस हजार दो सौ सत्तर इकाईयों को मिली स्वीकृति।

प्रभात खबर ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के गृह और आपदा प्रबंधन विभाग के निरीक्षण के बाद दिये गये बयान पर लिखा है– पुलिस पर लोगों का पूरा भरोसा, उस पर खड़ा उतरे।

———————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. खेलो इंडिया यूथ गेम्स का आज पटना के पाटलिपुत्र खेल परिसर में होगा भव्य समापन। सात स्वर्ण पदकों के साथ बिहार का सराहनीय प्रदर्शन।

02. बेगूसराय से दिल्ली जा रही एक निजी बस में लखनऊ के पास आगलगी की घटना। दो बच्चों समेत पांच यात्रियों की झुलसने से मौत।

03. पीएम जनमन योजना के तहत प्रदेश के जनजातीय परिवारों को पक्का मकान बनाने के लिए दो–दो लाख रूपये की राशि दी जायेगी।

04. और, पूरे प्रदेश में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी। तैतालीस दशमलव दो डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ रोहतास जिले का डेहरी रहा सबसे गर्म स्थान।

———————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।